हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय गाथागीत

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय गाथागीत

डॉ हरिराम जसटा

सन्मार्ग प्रकाशन

अनुक्रम

परिशिष्ट

कुछ प्रसिद्ध गाथा गीत

सदर्भ ग्रथ

1 डॉ कृष्णदेव उपाध्याय लोकसाहित्य की भूमिका (साहित्य भवन इलाहाबाद)
2 डॉ सत्येन्द्र लोकसाहित्य विज्ञान (शिवलाल अग्रवाल 1962)
3 डॉ जवाहर लाल हाडू लोकसाहित्य स्वरूप एव सर्वेक्षण (स) (भारतीय भाषा सस्थान मसूर)
4 डॉ श्याम परमार भारतीय लोकसाहित्य (राजकमल प्रकाशन 1954)
5 महिन्द्रसिह रधावा कुल्लू के लोकगीत (अतरचन्द कपूर 1955) कागड़ा (साहित्य अकादमी 1960)
6 रामदयाल नीरज हिमाचली लोकगाथाए (हिमाचल सरकार 1975)
7 डॉ हरिराम जसटा हिमाचल गौरव (सन्मार्ग प्रकाशन दिल्ली 7 1971)
– पहाड़ी लोक रामायण (स) (हिमाचल अकादमी शिमला 1974)
पर्वतो की गूज (हिमाचल पुस्तक भण्डार दिल्ली 31 1984)
हिमाचल की लोक सस्कृति (सन्मार्ग प्रकाशन दिल्ली 7 1986)
हिमाचल की कहानी (राजपाल एण्ड सन्ज दिल्ली 1989)
Folk Tales of Himachal Pradesh (Bharatiya Vidya Bhavan Bombay 7 1980)
– हिमाचल प्रदेश की झाकी (राजपाल)
8 गौतम व्यथित ढोलरू हिमाचल की लोक गाथा (शीला प्रकाशन 1980)
9 डॉ बशीराम शर्मा किन्नर लोक साहित्य (बिलासपुर ललित प्रकाशन 1976)
10 (Capt) R C Temple The Legends of Panjab (Vol I & II) (Lahore Allrad Press 1884)
11 Dezil Ibberton & Rose A Glossary of Hill Tribes (Lahore 1885)
12 डॉ पद्मचन्द कश्यप कुल्लूई लोक साहित्य (नेशनल पब्लिशिग हाउस दिल्ली 1972)
13 राहुल साकृत्यायन हिन्दी साहित्य का वृहद् इतिहास (काशी नागरी प्रचारिणी 1970)
14 एस एस एस ठाकुर हिमाचली लोक लहरी (1974)
15 सतराम वत्स हिमाचल की लोककथाए (आत्माराम एण्ड सन्ज दिल्ली 1971)
16 ओमचन्द हाडा पहाड़ी लोकगीत (1988)
17 एन के शर्मा गद्दी लोकजीवन (1986)
18 रामनरेश त्रिपाठी ग्रामगीत (भाग तीन) (आत्माराम एण्ड सन्ज दिल्ली 1960)
19 देवेन्द्र सत्यार्थी बाजत आवे ढोल (एशिया प्रकाशन दिल्ली 1952)
20 मिया गोवर्धन सिह हिमाचल प्रदेश इतिहास सस्कृति आर्थिक (मिनरवा बुक हाउस शिमला)
21 M S Randhawa Farmer s in India (ICAR 1959)
22 Distt Gazeteer of Kinnaur 1971
23 do Chamba 1963
24 do Sirmaur 1969
25 do Lahaul & spiti 1970
26 do Bilaspur 1971
27 do Kangra 1885
28 do Shimla, 1885
29 पत्रिकाएं हिमप्रस्थ विपाशा सोमसी हिमभारती सस्कृति।

निमंत्रण

लाक गाथा सग्रह के लिए मूल सामग्री सभी स्रातों स पिछले कुछ वर्षो स एकत्र करता रहा। सामग्री की प्रामाणिकता क लिए लोक वाता के विद्वाना लोक कविया गाव क वृद्धा आर प्रकाशित सामग्री की छानवीन करता रहा। स्थानीय बोलिया की विभिन्नता एक ही गाथा गीत से विभिन्न स्थाना क लाक गायका द्वारा समय पाकर नया मोड देना परिवतन आर सशोधन करना इत्यादि एसे महत्वपूण विन्दु ह जा लोक गाथा गीता की प्रकृति एव स्वभाव के महत्त्वपूण अग वन गए ह। इसी कारण मूल गाथाओ म यत्र तत्र वर्तनी एव शब्दा म त्रुटिया आना स्वाभाविक ह। कुछ गाथा गीता की पृष्ठभूमि क साथ साथ स्थान अभाव क कारण पूण रूप से उद्धृत नही कर सका और कुछ पुराने गाथा गीत मूल रूप म परिशिष्ट म सुरक्षित रखन के लिए प्रस्तुत कर रहा हू।

इस सग्रह म सभी जनपदा के गाथा गीतो को उचित स्थान नहीं द सका। जैसे भारत गावा का दश ह उसी तरह हिमाचल प्रदेश मूलत 1800 गावा को एक सूत्र म पिराए हुए हैं। इन लाक गाथा गीता म जन मानस को अत चेतना की प्ररणा देने वाले तत्त्वा का प्राधान्य ह। इनक द्वारा लोक जीवन के आचार विचार रीति रिवाज रुधिया नीतिया लाक मनोरजन क तत्त्वा जन शिक्षा सामाजिक एव धार्मिक सस्कारो प्राणी जगत् स तादात्म्य भाव प्रकृति प्रम धामिक मान्यताआ व्रत अनुष्ठानो जत्र मत्र और लाक विश्वासा के विविध रूपा क दर्शन हाते है।

एक स्थान पर पजावी की प्रसिद्ध कवयित्री श्रीमती अमृता प्रीतम ने बडे नपे-तुले गहन शब्दा म विचार प्रकट किए ह कि लोक गीता का पवित्र माती चाहे सागर की अतुल गहराइयों मे पडा रह किन्तु जव भी उस निकाला वह पूर्वावस्था के समान ही पवित्र आर आभायुक्त होता है। सुधारवादी आन्दोलना की चक्की कई बार वडे मासूम गाता का तथा उनकी निर्दोष परम्परा को पीसने क लिए उद्यत हो जाती ह किन्तु नदिया को कौन वाध सकता है आकाश की बौछारों को कान-सी हथेली राक सकती है? जनता ऐसी चक्की पर भी गीत रच देती है तथा भावी सतानें पिछली पीढ़ी की धरोहर को अपन हृदय म सजाए रखती है। लाग सध्याकालीन झुटपुटों तथा फूटती किरणा म वैठ वैठकर हृदया की इस सम्पत्ति का आनन्द लूटत है। इन गीता म छद

नायन के सयुक्त मचा पर भी गूजन है और प्रेमियो की एकाकी निशाओ मे भी सिमकन है। लोकगीतो का उसका आन्तरिक भाव मार्ग दिखाता है और उसकी उदात्त भावना सगीत का रूप धारण कर लेता है।

हिमाचल की लोक गाथाए शास्त्रीय काव्य की तरह अनिवार्यत छन्दबद्ध नहीं होती। इनका मुख्य तत्त्व प्राय गेय होता है। इन ऊचे-ऊचे बर्फीले पहाडो नदियो नालो वनो चरागाहो के विशाल प्राकृतिक प्रागण मे नील गगन की विस्तृत और सुखदायिनी छाया मे ग्रामीण क्षेत्र के लोक जीवन के सग सग उसके लोक गीत एव लोक गाथाए भी पनपती रहती है जिसे आडबरहीन सरल और सीधे सादे शब्दो मे अभिव्यक्ति मिलती रहती है।

इन गाथा गीतो मे मेवो की तरह रग और रस भरा रहता है। इस सत्य की अभिव्यक्ति डॉ हजारीप्रसाद द्विवेदी के शब्दो मे लोक गीत की एक एक बहू के चित्रण पर रीति काल की सौ सौ मुग्धाए खंडिताए और धीराए न्योछावर की जा सकती है क्योकि यह निरलकार होने पर भी प्राणमयी है और वे अलकारो से लदी होकर भी निष्प्राण है। यह अपने जीवन के लिए किसी शास्त्र विशेष का मुखापेक्षी नही है और अपने आप मे परिपूर्ण है।[2] साहित्य शास्त्र के विद्वानो के इन भाव विभोर कर देने वाले विचारो को हमने कितनी गभीरता से लिया है यह समय ही बता सकेगा।

लोक गाथाओ के सृजन कर्ता किसी विशेष विषय वस्तु रस छद अलकार और चमत्कार की सीमाओ मे बधकर अपनी सृजन प्रक्रिया आरभ नहीं करता। अपितु भावातिरेक मे उसके हृदय मे जो सगीतमय उद्गार बाहर आने के लिए छटपटा रहे होते है वही झरनो की कलकल की तरह स्वर मे स्वर मिलाकर गाव के मुक्त एव स्वच्छ वातावरण मे बिखर कर अपना रग और रस-सहज ही घोल देते है और लोक सगीत उन्हे बाहो मे समेट लेता है। प्राय एक ही लोक गाथा गीत मे शृगार वीर भक्ति हास्य एव करुण रस का आभास हो जाना स्वाभाविक है। फिर इनका सुस्पष्ट और दृढ वर्गीकरण कैसे सभव है?

हिमाचल प्रदेश के इन दुर्लभ और पुराने गाथा गीतो को प्रस्तुत करने के अनेक प्रयास हो चुके है। इन स्तुतीय प्रयासो मे उल्लखनीय नाम है—आर सी टैम्पल राहुल साकृत्यायन देवेन्द्र सत्यार्थी मोहिन्द्रसिंह रधावा अमृता प्रीतम डॉ पद्मचन्द्र कश्यप मिया गोवर्धन सिंह वशीराम शर्मा रामदयाल नीरज एम एस एम ठाकुर गौतम व्यथित और इन पक्तियो के लेखक द्वारा पुराने गाथा गीतो पर यथेष्ट प्रकाश अपनी प्रकाशित पुस्तको मे डाला है। इसी स्वस्थ परम्परा को आगे बढाने मे अनेक अन्य लोक वार्ताकारो ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनमे ध्यानसिंह भागटा पन्नालाल जागटा प्रो रूप कुमार शर्मा लच्छीराम मलीम अमर सिंह चौहान आचार्य रामनद

1 अमृता प्रीतम कागडा के लोकगीत (साहित्य अकादमी) पृ 3

2 डॉ हजारीप्रसाद द्विवेदी हिन्दी साहित्य की भूमिका पृ 130

विद्यान सरक बालकराम भारद्वाज कु सुमित्रा ठाकुर काशीराम आत्रेय इत्यादि क नाम उल्लेखनीय ह। पत्र पत्रिकाओं म इन विद्वानों द्वारा संगृहीत लोक गाथाओं द्वारा मेरे इस विश्वास को अधिक प्रेरणा और शक्ति मिली ह कि अभी तक अलिखित लोक साहित्य म अमूल्य धूल धूसरित हीरे बिखरे पड़े ह जिन्हे खोजना पहचानना परखना और सुरक्षित रखना सक्षम नौजवानों का परम कर्तव्य ह। आधुनिकता की चकाचौंध म ग्राम्य आत्मा की समृद्ध धरोहर और अतीत के इतिहास की अनेक कड़ियां बिखरी पड़ी ह जिनके आंचलिक इतिहास की रूप उभारने म शाश्वत सांस्कृतिक मूल्य ह जिन्हे खोकर गंवाकर हम वर्षों क लाट की तरह या नदी म बहते लकड़िया के शहतीरो की तरह दिशाहीन होकर भटकते रहेंगे अधेर म मंजिल को टटोलते रहेंगे। इसलिए स्वामी विवेकानन्द क शब्दों म— उठो जागो और ध्येय की प्राप्ति तक रुको मत। मेरा लोकगाथाकारों से यही सविनय आग्रह ह।

शरद पूर्णिमा
दिनांक 23 अक्टूबर 19..

आस्थिका निवास
(इंजनघर) संजौली
शिमला 171006

—*हरिराम जसटा*

विषय प्रवेश

लाक साहित्य की विस्तृत व्याख्या असख्य विद्वाना न की ह। ज एल मिश के अनुसार एस सभी प्राचीन जिज्ञासा प्रथाआ आर परपराआ का सपूण योग जा सभ्य समाज क अल्प शिक्षित लोगा क बीच आज तक प्रचलित ह लाक वाता (फोकलार) ह। इसकी परिधि म परिया की कहानिया लोकानुभूतिया पुराण गाथाए अधविश्वास उत्सव रीतिया परपरागत खल वा मनोरजन लाक गीत प्रचलित कहावत कला काशल लाक नृत्य आर ऐसी अन्य सभी बात सम्मिलित की जा सकती हैं।[1]

लाक वाता स लाक साहित्य का सीधा सबध है। लाक साहित्य लोक सस्कृति का एक महत्त्वपूण अग ह। लोक साहित्य जन भावनाआ एव लोक चतना द्वारा लोक गीता लाक कथाआ लोक गाथाआ के परपरागत माखिक माध्यम द्वारा अभिव्यक्ति प्रदान करता ह। स्पष्टत इसम लोक चेतना जन जीवन आर लोक सस्कृति की आत्मिक चेतना क स्रोता एव प्रेरणाआ की पहचान की जा सकती है। स्पिनेजा के अनुसार लाक वाता आर लाक साहित्य म आदि मानव के हृदय का सत्य आर प्रत्यक्षानुभूति अकित रहती ह।

आज भी लोक जीवन 16 सस्कारा आर अनक मगलात्मक विधानो आर लोकाचारा स सम्पन्न हे। शास्त्राचार लाक स ही प्रमाणित होता है ओर लोकाचार भी शास्त्र बनकर प्रतिष्ठित हाता हे। इसीलिए प्राचीन लाक सस्कृति की रेशमी डार मे जकडा हुआ लोक साहित्य अनक मानव पीढियो के सुख-दुख की गाथा जिसमे जीवन की हरी भरी अमरबेल चारा आर लिपटी ह आजमयी हे। लोक साहित्य लाक मानस म सनातन रीति नीतिया क अतमुख नियम से समन्वित आर धरती की रोदी हुई मिट्टी की महिमा स मडित ससार की अनमोल निधि ह।

लाक साहित्य म साहित्य क मूल तत्त्व एव रसानुभूति तो अप्रत्यक्ष रूप म विद्यमान रहत ही ह इसके अतिरिक्त इनम कुछ आर विशेषताए होती ह जैस—

(क) आदि मानव क हृदय का सत्य आर प्रत्यक्षानुभूति अकित रहती हे।

(ख) यह अबाध भावुक हृदय का तरल आर सरल उद्गार होता ह जिसकी

---

1 मरिया लीच स्टन्ड डिक्शनरी ऑफ फोकलोर माइथोलाजी एण्ड लीजन्ड (भाग 1) पृ 401

भाषा फूल के समान कोमल सुन्दर और भीनी भीनी होती है। इसके साथ में एक विशेष प्रकार की लचक होती है।

(ग) इसमें परपरागत मौखिक क्रम उपलब्ध भाषागत अभिव्यक्ति का सजीव चित्रण रहता है।

(घ) जीवन की शाश्वत समस्याएं अपने प्राकृतिक रूप में पाई जाती है।

(ङ) सामाजिक एवं एतिहासिक सूक्ष्म रूप धारण करके इनमें सूत्र रूप में अभिव्यक्त होते है।

(च) कृतित्व हो किन्तु वह लोक मानस के सामान्य तत्त्वो से युक्त हो। लोक साहित्य में जातीय जीवन को सतुलित रखने वाले विविध अनुभव पाए जाते है।

लोक साहित्य का अध्ययन 19वी शताब्दी के प्रथम दशाब्दी से प्रारभ हुआ। इसका एक प्रमुख कारण फ्रास की राज्य क्रांति है। उस क्रांति के साथ साथ जन समूह में यह भावना आई कि राष्ट्र सामतो से नहीं बनते बल्कि जन समूह से बनते है। जन समूह प्रमुख है शासक अथवा राजा गौण। जन समूह की इस प्रमुखता के साथ *लोक विज्ञान प्रमुख हुआ और परिणामत जन विश्वासो एव परपराओ के कोष लोक* साहित्य का शास्त्रीय अध्ययन आगे बढ़ा।

हिमाचल प्रदेश शताब्दियो से ग्राम्य क्षेत्र रहा है। इसलिए इसकी ग्राम्य सस्कृति की गध इसके श्रुति और स्मृति के सहारे सुरभित लोक साहित्य द्वारा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। आज इसके लोक साहित्य के धूल धूसरित हीरो को चुन चुन कर सुरक्षा प्रदान करने की आवश्यकता है क्योकि समय की तीव्र आधी इन्हे कहीं का कहीं उडा ले जाएगी या गहरी मिट्टी की परत में सदा सदा के लिए दफना देगी।

हिमाचली लोक साहित्य का मुख्यत विभाजन इस रूप में किया जा सकता है

1 लोक गीत

2 लोक कथा

3 लोक गाथा एव

4 लोक कलाए जसे लोक नाट्य लोक नृत्य

नि संदेह यह विभाजन या उप विभाजन पूर्णतया सार्थक नहीं माना जा सकता। लोक साहित्य के प्रत्येक अग पर यहा प्रकाश डालना सभव भी नहीं है।

आधुनिक युग में हिन्दी के विभिन्न साहित्यकारो ने लोक साहित्य और लोक वार्ता पर सारगर्भित विचार प्रकट किए है। इनमें श्री कृष्णानन्द गुप्त (लोक वार्ता 1944) डॉ दशरथ ओझा डॉ कृष्णदेव उपाध्याय डॉ सत्येन्द्र रामनरेश त्रिपाठी डॉ रामविलास शर्मा डॉ सत्यव्रत सिन्हा सूर्यकरण पारीक महिन्द्रसिंह रधावा देवेन्द्र सत्यार्थी काका कालेलकर श्याम परमार जवाहर लाल हडू, वणजारा वेदी सोहिन्दर सिंह इत्यादि सरीखे लेखको ने लोक वार्ता और लोक साहित्य सबधी सिद्धात एव व्यवहार पर विभिन्न भारतीय भाषाओ में जनपदीय साहित्य की ओर प्रेरित किया।

लोक गीत

लोक गाना की अजस्र धारा न जान कब स मानव हृदय का आप्लावित करता रहा ह। यद्यपि इनम स्वर लय यति गति आदि छन्द क नियमा का कोइ शास्त्रीय बधन नहा पाया जाता किन्तु खेता म हल चलात हुए किसाना चरागाह वना म भड बकरा आर पशु चरात हुए चरवाह दूर कहा वना चरागाहा म घास काटती फल तोडती नव यावना क भावावेग म अपनी हा लय यति गति द्वारा एक नए स्वर का जन्म दिया ह। तभी पवतीय ग्रामा म बसन वाल लाग गा उठत ह

पहाडा दा रहणा चगा आ गदिया।
पहाडा दा रहणा चगा आ।
शहरा शहरा विच नालू न वगद
पहाडा च वगदा गगा आ।
या चूना दा पाटी राहा हिया
कि मामा मरा।
लागा पहाडा दा जिया
कि मामा मरा।

हिमाचल प्रदेश क लाक गीता क प्रमाणिक सग्रह की दिशा म डॉ महिन्द्र सिह रधावा न कागडा कला देश आर गीत (1960) कागडा क लोक गात (1956) आर कुल्लू क लाक गीत' (1955) हिमाचल क लाक गात (1960) ठाकुर मालूराम द्वारा सम्पादित लामण रोशनलाल द्वारा सगृहीत 400 लामणा का सग्रह 'यब्बर की लहर (1969) एस एम एस ठाकुर द्वारा सम्पादित हिमाचलीय लाक लहरी डॉ गातम व्यथित क 'कागडी लोक गीत (1973) बशीराम द्वारा सम्पादित स्पितिवादी क लाक गीत (1979) ओमचन्द हाण्डा द्वारा पहाडी लोक गीत मेहरचन्द सुमन द्वारा सम्पादित दई जुल्फू (1978) आर कशवनद का हिमाचल के लोक गीत' (1989) उल्लेखनीय प्रकाशन ह।

लोक गाथाए या गाथा गीत

प्राय प्रत्यक लोक गीत की पृष्ठभूमि म काइ न कोई लाक कथा रहती ह। लाक कथा आर लाक गाथा गीता म भेद केवल इतना ही ह कि लोक गाथा गीत एक लम्बे आख्यान गीत क साथ ग्राम्य लोक वाद्या क साथ प्राय गाकर सुनाए जात ह। इसम प्रबध याजना गाथा प्रधान न हाकर रस प्रधान हाती ह जबकि लोक कथा गद्यात्मक होने क साथ साथ कथा प्रधान या दूसरे शब्दा म घटना प्रधान हुआ करती ह।

लाक गाथा गीता की दृष्टि स भी हिमाचल प्रदश का लाक साहित्य अधिक समृद्ध ह। इनक माध्यम स जहा एक ओर एतिहासिक आर पाराणिक गाथा गीता को

नामित रखा गया है जहां दूसरी ओर कुछ गाथा गान भी है जिनके माध्यम से जनता में उल्लास और वीरता संचार का प्रयास किया जाता है। हिमाचल के प्रसिद्ध लोक गाथा गानों में बरलाज एचला महादेव युकुन्तरस रमण पटण गूगामल राजा भर्तृ सामा दालतू ममा मण गया जगता राममिह पठानिया नगा न्यारा मन्ना ऊदू, गढमलाणा सुन्मी मन्ना धार दशू, महा प्रकाश गारखा वान्रास घुघु मियां जुन्नाजाल गाट सगतराम मजानं याका अनजा राधु फुलुमू माधुसिंह नन्लगम र हार त्या मरण तहसालदार सना घखा लारा श्रीमुल देव वान्ड्रा मयरान देव गाला नाग चम्ब ग कनरू वामण माहणा सिन्धु रा टिकरा रणमाजार महामू रूपणु पुहाल सुन्निभूकू, राना चम्बयाला रूल्हा दा कुहल इत्यादि असख्य लोक गाथा गान असुरक्षित पड़े है।

फिर भी इन्हे प्रकाशित रूप में सुरक्षित करने की दिशा में रामदयाल नीरज द्वारा सम्पादित हिमाचली गाथाएं (1973) डा हरिराम जसटा द्वारा सम्पादित पहाड़ी लोक रामायण (1974) देवराज शर्मा द्वारा सगृहीत गुगा जहर पीर (1979) वालकराम भारद्वाज द्वारा सकलित गुग्गा गाथा (1988) अकादमी द्वारा सकलित भरतराहरि' (1986) बहु प्रशसनीय प्रयास है।

लोक गाथा गानो और लोक कथाओ में कथा शिल्प ही प्रमुख होता है। इसमे प्राय एक व्यक्ति या एक प्रसिद्ध मार्मिक घटना के चिरनायक की स्मृति दुहराई जाती है। नायक का जीवन चाहे जितना भी करुणात्मक क्यो न हुआ हो पर उसके जीवन से मगल की प्रेरणा ही मिलती है।

लोक गाथा गानो के कथानक का सीधा सबध अतीत से है। परन्तु इनकी घटनाओ एव वातचीत को वर्तमान जीवन के मूल्यो एव आदर्शो से भी यथार्थ की भूमि पर भी लगाव रहता है। लोक गाथा गीतो द्वारा प्राचीन परम्पराएं सस्कार जीवन दृष्टि जिज्ञासा की धरोहर वर्तमान पीढी को गाथा गीतो के गायको द्वारा सहज ही उपलब्ध हो जाती है। आधुनिक युग में परम्परागत गाथा गायक चारण धीरे धीरे आधुनिकता की चकाचौंध मे विलीन होते जा रहे है। इसलिए प्रस्तुत अध्ययन द्वारा अतीत के चुने हुए कुछ गाथा गीतो का अध्ययन प्रस्तुत कर लोक साहित्य की एक महत्त्वपूर्ण कडी को सुरक्षित करने का एक प्रयास किया गया है।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

हिमाचल प्रदेश म वसन वाली अनक जातिया म किन्नर किरात यश गधव नाग दान खश एव अन्य अभिजातिया क अवशेष अब भी विद्यमान ह। इसलिए हिमाचल प्रदेश क प्रारभिक युग का जनजातिया का युग कहा जाए ता ठीक हागा। य जन जातीय परम्पराए किसी न किसी रूप म आज भी विद्यमान ह। ऋग्वद म जिन नदिया का वणन ह उनम यमुना सतलुज व्यास चिनाव रावी इस प्रदेश स हाकर अब भी बहता ह।

पाराणिक काल स जन्म हुइ यहा की अनक परपराए एव स्थान आज भी जीवित ह। मनु राजा शाम्बर दिवादास का युद्ध जमदग्नि परशुराम मा रणुका वसिष्ठ विदुर आर ताकी भीम आर हिडम्बा की मिलनस्थली मनाली महाभारत युद्ध म भाग लेन वाल त्रिगत राजा सुशमचन्द्र कगच घटात्कच कमरू नाग पाडवा स जुडा शिमला जनपद की भीमाकली आर हाटकोटी मडी का पागणा कुल्लू क निरमड कागडा दुग म भीम से जुड़ा भीमकोट इत्यादि अनेक पुण्यस्थल आज भी विद्यमान ह जा वर्तमान क मुह म झाककर अपना प्राचीनता का परिचय द रह ह। पाराणिक काल स हिमाचल प्रदेश क सकडा दवी दवताआ का पूजा एव लाक नृत्य परपराए भी जुड़ी ह।

भारत के अन्य राज्या की तरह हिमाचल प्रदेश क त्रिगत (कागडा) कुल्लूत (कुल्लू) कलिन्द (सिरमार) युगधर (विलासपुर नालागढ) वुशहर गद्दिका एव औदुम्वर (पठानकाट) सबसे पुराने सुव्यवस्थित राज्या म स थ। वतमान हिमाचल प्रदेश का शेष क्षेत्र सम्भवत इन्ही राज्या का भाग था। समय पाकर धीर धार य राज्य छाट छाट राज्या म छिन्न भिन्न होकर राणाआ ठाकुरा आर मावियां म बट गए। वाहर स आकर अनक शक्तिशाली राजाआ न इन छाट छाट राणाआ का परास्त कर अपन राज्या म मिला लिया जसे सिरमार क्याथल मडी कागडा विलासपुर क प्राचीन इतिहास स विदित हाता ह।

इन पहाडी राज्या का इतिहास लगभग एक अनवरत सघष का इतिहास ह। जब काइ शक्तिशाली शासक सत्ता प्राप्त करता था ता वडे राज्य अपन छाट पडासी राज्या को अपने म मिला लत थे। परन्तु यह छाट राज्य उपयुक्त समय मिलन पर अपन को आजाद घाषित कर दते थ।

इन प्रसिद्ध राज्यों में चम्बा का नाम ५५0 ई. के लगभग कहलूर राज्य 697 ई. में मंडी और सुकेत की स्थापना 765 ई. में और सिरमौर का 1109 ई. में लिखित इतिहास में भी उपलब्ध है। इन पहाड़ी राजाओं ने लोक जीवन को समृद्ध करने के लिए अनेक मंदिर बनवाए तथा असंख्य मेले एवं त्योहारों की परम्पराओं की नींव भी डाली। दीर्घकाल तक इन पहाड़ी राज्यों में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन नहीं हुए। लेकिन बाहरी आक्रमणों के फलस्वरूप आंतरिक जीवन में परिवर्तन आना स्वाभाविक था।

गुप्तकाल और हर्षवर्धन की मृत्यु तक सारे पहाड़ी क्षेत्र में नया जीवन अंगड़ाइयां लेने लगा था। 1001 ई. से महमूद गजनवी के भारत पर आक्रमण से इन पहाड़ी राज्यों में भी उथल पुथल शुरू हुई। 1009 ई. में उसने कांगड़ा के प्रसिद्ध दुर्ग और मंदिर पर आक्रमण किया। इसी दौरान में अनेक राजपूत सामंतों ने हिमाचल प्रदेश के अनेक क्षेत्रों पर कब्जा कर अनेक राज्य स्थापित कर लिये। इनमें क्योंथल, बघाट, कुठाड़, कुनिहार, भज्जी, धामी, महलोग, कोटी, मांगल, बेजा, भरौली, बाघल, जुब्बल, सारी, रावींगढ़, बलसन, रतेश, धूड़, मधान, थरोग, कुमारसेन, करांगड़, खनेठी, कोटखाई, कोटगढ़, दरकोटी, देलठ, थरोच, ढाडी, शांगरी, डाडरा, क्वार, रामपुर बुशहर, गुलेर, नूरपुर, जसवान, दातारपुर, डाढा और नालागढ़, मंडी, सुकेत, लाहौल स्पिति के नाम उल्लेखनीय हैं। जहां अनेक पहाड़ी शक्तिशाली सामंत आपसी फूट से परस्पर सत्ता का विस्तार करने पर तुले रहते थे, वहां अनेक मंदिरों, मूर्तिकला, वास्तुकला एवं अन्य कलाओं का प्रारंभिक काल भी यही युग था।

मुस्लिम आक्रमण और मुगल साम्राज्य की स्थापना के साथ इस पहाड़ी क्षेत्र में नये युग का सूत्रपात हुआ। मुगल साम्राज्य का राजनैतिक एवं सामाजिक प्रभाव इस क्षेत्र के लोक जीवन पर भी पड़ा। सिरमौर, शिमला जनपद के देव गिरगुल और देव डूम का संघर्ष लोक गाथाओं में मुगलों से जोड़ा जाता है। इसी तरह कुल्लू, कांगड़ा, सिरमौर और चम्बा के राजा मुगलों से कभी जूझते रहे, कभी उनकी अधीनता स्वीकार कर ली।

इसके बाद अंग्रेजों के आगमन के बाद सिख सेना और गोरखों के साथ पहाड़ी राजाओं की आपसी फूट के कारण अनेक युद्ध हुए। युद्धों की यह आंख मिचौनी तब तक चलती रही जब तक अंग्रेज साम्राज्य ने पूरी तरह इस प्रदेश पर अपना आधिपत्य स्थापित नहीं जमा लिया। हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध राजाओं में चम्बा के राजा साहिल वर्मन, मरुवर्मन, मंडी के वीरसेन और सिद्धसेन, सुकेत के मदनसेन, रामपुर बुशहर के राजा केहरीसिंह, सिरमौर के राजा कर्मप्रकाश एवं कांगड़ा के राजा संसारचन्द्र के नाम उल्लेखनीय हैं। इनके राज्यकाल में कला एवं संस्कृति का काफी विकास हुआ।

ह्वेनसांग के भारत सम्बंधित वृतांत में भी हिमाचल के कांगड़ा, कुल्लू और लाहौल स्पिति के राज्यों का वर्णन मिलता है। उसके अनुसार महाराज हर्षवर्धन ने कुल्लू और कांगड़ा को अपने राज्य में मिलाया।

ई 700 से 1000 ई तक का समय हिमाचल की कला और संस्कृति के उत्कर्ष का काल था। शासक और प्रजा का धर्म पर गहरा आस्था था। इस काल में हिमाचल के विभिन्न भागों में अनेक मन्दिरों का निर्माण हुआ। चम्बा के राजा मेरूवर्मन और साहिलवर्मन के राज्यकाल में सुन्दर मन्दिरों का निर्माण हुआ। इसी काल में किन्नौर और लाहौल स्पीति क्षेत्र में बौद्ध धर्म का प्रचार हुआ। ई 1000 के बाद मुसलमानों मुगलों अंग्रेजों फ्रांसीसियों और पुर्तगालियों ने भारत के अनेक भागों में अपनी सत्ता की विस्तार करने के अनेक प्रयत्न किए। दिल्ली के सुलतानों का सम्बन्ध के पहाड़ी पश्चिमी राज्यों पर आधिपत्य रहा। इतिहास इस बात का साक्षी है कि सुलतानों और मुगलों के अनेक सम्बन्धियों ने विद्रोह में असफलता के बाद हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी राजाओं की शरण ली। सरदार मुहम्मद ने जिसने रजिया सुलतान के विरुद्ध विद्रोह किया था सिरमौर के महाराजा की शरण ली। इसी तरह सरदार कुतलग खां जिसने मुहम्मदशाह प्रथम के विरुद्ध विद्रोह किया था सिरमौर राज्य में भागकर जान बचाई। 1365 ई में फिरोजशाह तुगलक ने नगरकोट (कांगड़ा) पर आक्रमण किया। इस आक्रमण के दौरान उसने कांगड़ा और ज्वालामुखी के मन्दिरों को लूटा और 300 के लगभग संस्कृत की पुस्तकें ले गया जिन्हें बाद में उसने फारसी में अनुवादित करवाया।

1398-99 में तैमूर ने सिरमौर राज्य को लूटा और कांगड़ा पर आक्रमण की तैयारी करने लगा। परन्तु कांगड़ा के राजा की शक्तिशाली सेना के डर से उसने आक्रमण नहीं किया।

मुगलों के साथ इन पहाड़ी राजाओं के सम्बन्ध अकबर के राज्यकाल में हुए। अकबर इन पहाड़ी राज्यों को अपने साम्राज्य में मिलाना चाहता था। इसलिए उसने टोडरमल को कांगड़ा भेजा। फलस्वरूप तत्कालीन कांगड़ा के महाराजा धर्मचन्द ने अकबर का आधिपत्य स्वीकार किया। 1620 ई में जहांगीर ने कांगड़ा को अपने अधीन किया।

17वीं शताब्दी में बुशहर राज्य के प्रसिद्ध राजा केहरीसिंह ने कांगड़ा सारी कोटगढ़ दलठ और कुमारसैन पर अपना आधिपत्य जमाया। उसने मण्डी सुकेत सिरमौर और गढ़वाल की ओर भी कदम बढ़ाए। 1681 ई0 में किन्नौर का ऊपरी भाग तिब्बत लद्दाख युद्ध में उसने प्राप्त किया।

मुसलमानों के राज्यकाल में सुरक्षा की भावना से अनेक दुर्गों का निर्माण हुआ। जिनमें कमलाह (मण्डी) मदनकोट (कुल्लू) चवानी (सुकेत) हमीरपुर त्यूरसरयू (बिलासपुर) रामशहर (नालागढ़) के दुर्गों का निर्माण हुआ।

औरंगजेब की मृत्यु के बाद मुगल साम्राज्य का पतन हो गया। हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी राजाओं में कांगड़ा के राजा संसारचन्द्र ने एक कुशल योद्धा और शासक के रूप में ख्याति प्राप्त की। 1775 ई में सिंहासनारूढ़ होने के बाद मुगलों और सिखों के संघर्ष के फलस्वरूप कांगड़ा के दुर्ग पर 1786 में उसका अधिकार हो गया। इसके

साथ साथ उसने मंडी सुकेत कहलूर और चम्बा पर अपना आधिपत्य जमाया।

राजा ससारचन्द्र का बढ़ता शक्ति से घबराकर अनेक पहाड़ी राजाओं ने कांगड़ा के विरुद्ध युद्ध करने के लिए गोरखों की सहायता प्राप्त की। फलतः गोरखों ने कांगड़ा पर आक्रमण किया और ससारचन्द्र ने जो राज्य जीते थे वे पुनः स्वतन्त्र हो गये। तीन वर्ष तक गोरखों ने कांगड़ा में तबाही मचाई। मजबूर होकर राजा ससारचन्द्र को महाराजा रणजीत सिंह की सहायता के लिए प्रार्थना करनी पडी। महाराजा रणजीत सिंह ने इस शर्त पर सहायता दी कि वह सिखों की सहायता के बदले कांगड़ा दुर्ग और 66 गांव देगा। महाराजा ससारचन्द्र ने गोरखों से छुटकारा मिलने पर अपना वायदा पूरा किया। कांगड़ा की दिशा से पराजित होकर गोरखों ने बुशहर राज्य पर आक्रमण किया। कमरू के समीप गोरखों और किन्नरों का युद्ध हुआ जिसमें गोरखा सेना पराजित हुई।

1842 में जनरल जोरावर सिंह ने लाहौल स्पिति अपने अधीन कर लिया और यहां का प्रशासन अपने विश्वस्त सहायक रहीम खां को सौंपा। रहीम खां एक निर्दयी और क्रूर शासक था। उसने बौद्ध मठों और हिन्दू मंदिरों को नष्ट किया। यहां के लोगों ने भागकर बुशहर में शरण ली। आखिरकार रहीम खां मारा गया।

1845 में सिखों के साथ युद्ध में लाहौल स्पिति अंग्रेजों को मिला जिसे अंग्रेजों ने 1847 में कांगड़ा जिला का भाग बनाया। इसी दौरान अंग्रेजों ने हिमाचल प्रदेश पर अपना आधिपत्य बढ़ाया। गोरखों को पहाड़ों से भगाकर अंग्रेजों ने कोटखाई कोटगढ़ और कुल्लू को अपने साम्राज्य में मिलाया। अपने राजनीतिक प्रतिनिधि इन पहाड़ी राज्यों की देख रेख के लिए नियुक्त किए। इन पहाड़ी राजाओं को अपनी सेनाएं रखने का अधिकार भी धीरे धीरे छीन लिया और ये ब्रिटिश सरकार के कृपा भाजन बने।

साधारण जनता के कल्याण के लिए जैसे पिछले एक हजार से भी अधिक वर्षों से कुछ नहीं हुआ था ब्रिटिश काल में भी कुछ नहीं हुआ। ब्रिटिश सरकार ने इन सभी पहाड़ी राज्यों में परस्पर कटुता भेदभाव और ईर्ष्या बनाए रखी। भौगोलिक भाषाई सामाजिक सांस्कृतिक धार्मिक पारस्परिक एकता होने हुए भी उन्हें विभाजित रखने की जान बूझकर कोशिश जारी रखी।

परन्तु युगों से रौंदी गई जन शक्ति हाथ पर हाथ धर बैठी रही हो ऐसी बात नहीं। सामन्ती यातनाओं का बांध यदा-कदा कहीं कहीं पूरे वेग से फूट पड़ता था। असंतोष फलता रहा।

1825 में कोटखाई कोटगढ़ की जनता ने अपने निरंकुश शासक के विरुद्ध विद्रोह कर दिया। मेजर कनेडी एक सैनिक टुकड़ी लेकर कोटखाई गया और वहां के राणा को पेंशन देकर यह क्षेत्र ब्रिटिश राज्य में मिला लिया। 1859 में बुशहर में विद्रोह हो गया और 1876 में सुकेत की जनता वजीर नरोत्तम के विरुद्ध भड़क उठी। मंडी में शोभाराम के नेतृत्व में विद्रोह की ज्वाला भड़की। 1876 में नालागढ़ के लोगों ने

वजीर गुलाम कादिर खा के विरुद्ध जमकर लडाइ लड़ी। 1883 और 1930 में बिलासपुर के सामन्ती शासन के विरुद्ध बिलासपुर की जनता ने आवाज उठाइ। 1905 मे बाघल के लोगो ने भी राना के विरुद्ध विद्रोह कर दिया। इसी तरह की छुट पुट घटनाओ द्वारा हिमाचल प्रदेश की सभी छोटी बड़ी रियासतो म आतकवाद के विरुद्ध असहाय अपढ़ और कठिनाई से घिरी जनता ने विद्रोह किया।

कागड़ा ने रामसिह पटानिया के नेतृत्व म ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध तलवार उठाई। परन्तु अन्त म अग्रेजो की फूट डालो और राज करो की नीति सफल हुई। घर का भेदी लका ढाए के फलस्वरूप रामसिह पटानिया की सारी योजना मिट्टी म मिल गइ। रामसिह को पहाड़चन्द की सहायता से अग्रेजो ने कैद कर सिगापुर भेज दिया। 1857 म जतोग और कसौली म स्थानीय सिपाहियो ने अग्रेजो के विरुद्ध विद्रोह किया। परन्तु अरकी के राना कृष्णसिह की सहायता से इस विद्रोह को दबा दिया गया। प्रथम महायुद्ध म भाइ हृदयराम और हरदेव अग्रेजो को खण्डन के लिए गदर पार्टी म सम्मिलित हुए। 1939 से इन पहाड़ी रियासतो म प्रजा मडल आन्दोलन जोर पकडने लगा। पहाड़ी राजाओ ने सभी जगह जनता की स्वतन्त्रता और समानता की पुकार को दबाने की कोशिश की पर कब तक? 1939 मे धामी सत्याग्रह के फलस्वरूप राष्ट्रीय नेताओं का ध्यान भी आकर्षित किया। महात्मा गाधी और जवाहरलाल नेहरू ने राणा के आतक के विरुद्ध आवाज उठाई।

सिरमौर म मिया घूघू, वस्तीराम पहाडी चेतसिह वमा वैद्य सूरतसिह और शिवानन्द रामोल शिमला क्षेत्र म पद्मदेव सत्यदेव बुशहरी भागमल सौहटा बिलासपुर मे दौलतराम सारव्यान और मास्टर सदाराम कागडा म पहाडी गाधी बाबा काशीराम के नेतृत्व मे कॉमरेड रामचन्द्र ओर ठाकुर पचमचन्द्र ने मिलकर स्वतन्त्रता आदोलन में प्राण फूके। राष्ट्रीय स्वतन्त्रता आदोलन म हिमाचल प्रदेश की जनता ने सक्रिय सहयोग दिया। पहाडी राजाओ के लिए जन शक्ति को उनके मूल अधिकार से वंचित रखना कठिन हो गया।

हिमाचल प्रदेश की 31 छोटी बडी रियासतो में देश की स्वतत्रता के लिए आदोलन तीव्र हुआ। एक सुव्यवस्थित रूप से स्वतत्रता-आदोलन जोर पकडता गया। आखिरकार 15 अगस्त 1947 के दिन भारत की स्वतत्रता के साथ साथ हिमाचल प्रदेश की सभी रियासतो के राजाओ ने एक निर्णय लिया जिसके अनुसार 30 रियासतो ने एक इकाई के रूप मे विलय की घोषणा की ओर 15 अप्रल 1948 के दिन वर्तमान हिमाचल प्रदेश की स्थापना हुइ। पहली जुलाइ 1954 के दिन बिलासपुर राज्य भी इसम मिल गया। पजाब के पुनर्गठन के फलस्वरूप पहली नवम्बर 1961 के दिन पजाब से पहाडी क्षेत्र शिमला कागडा कुल्लू, लाहौल स्पिति नालगढ ऊना डलहौजी इत्यादि हिमाचल प्रदेश में मिला दिये गए।

25 जनवरी 1971 तक हिमाचल प्रदेश एक केन्द्र शासित प्रदेश रहा परन्तु

उसी दिन से उसे पूर्ण राज्यत्व का दर्जा दिया गया। हिमाचल प्रदेश को प्रशासनिक रूप स 12 जिला म विभक्त किया गया है जिनक नाम है—शिमला कागड़ा, कुल्लू, सिरमार किन्नार लाहाल स्पिति ऊना सालन विलासपुर चम्बा और मडी। हिमाचल की कुल आवादी अव 55 लाख (1991 की जनगणना) है और क्षेत्रफल 55 658 वग किलामाटर। 95 प्रतिशत लोग ग्रामा म रहते ह।

प्रशासनिक परिवर्तन

15 अप्रैल 1948 स लकर मार्च 1952 तक हिमाचल प्रदेश मुख्यायुक्त के अधीन एक प्रशासनिक इकाई बना रहा। जनता के बराबर आग्रह पर 1952 ई में इसे उप राज्यपाल के अधीन 'ग' श्रेणी का राज्य बनाया गया। डॉ यशवतसिह परमार के नेतृत्व म पहली लोकप्रिय सरकार बनी। इस सरकार न नए हिमाचल को एक सूत्र मे बाधने आर विकास की दिशा प्रशस्त करने के लिए जनतांत्रिक ढाचे को सुदृढ बनाया। पहली जुलाई 1954 के दिन विलासपुर को भी जिला बनाकर हिमाचल प्रदेश का भाग बना दिया गया।

फिर देश म भूतपूर्व रियासता से बने राज्यो म कुछ प्रशासनिक परिवर्तन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कुछ नया रूप दिया गया। इसी नीति के अतर्गत पहली नवम्बर 1956 से पहली जुलाई 1963 तक हिमाचल की लोकप्रिय सरकार हटाकर इसे केन्द्र द्वारा प्रशासित क्षेत्र बना दिया गया।

परन्तु लोकतत्र की लहर से हिमाचल की जनता भी कब तक अछूती रहती। लाकभावनाओ का आदर करते हुए जुलाई 1963 में डॉ यशवतसिह परमार के नेतृत्व मे फिर स एक नया लोकप्रिय मंत्रिमडल बना, जिसमें पंडित पदमदेव ठा रामलाल प सुखराम लालचद प्रार्थी देसराज महाजन इत्यादि मत्री बने। इस मंत्रिमडल क नेतृत्व म हिमाचल क आथिक और प्रशासनिक विकास को दिशा मिली।

1966 इ म पजाब म अकाली आदालन के फलस्वरूप पजाब का पुनर्गठन किया गया। पजाब से हिन्दी भाषाई क्षेत्र निकालकर हरियाणा का निर्माण हुआ। पहली नवम्बर 1966 से पजाब का सारा पहाडी क्षेत्र हिमाचल म मिला दिया गया। हिमाचल के जिलो का बढाकर दस जिले बना दिए गए जसे—महासू, किन्नार सिरमोर कुल्लू, कागडा मडी लाहाल स्पिति बिलासपुर चम्बा शिमला।

- हिमाचल प्रदेश की पूर्ण राज्यत्व की माग का पूर्ण समथन मिला। इस माग को अहिसात्मक नेतृत्व प्रथम मुख्यमन्त्री डॉ यशवतसिह परमार ने दिया। हिमाचलवासियो की सवंधानिक सुधार की माग की कदर करत हुए 25 जनवरी 1971 के दिन हिमाचल को भारत का 18वा राज्य बना दिया गया। तत्कालीन प्रधानमन्त्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गाधी ने शिमला रिज मैदान म 25 जनवरी 1971 को गिरती वर्फ के बीच इस नए पूर्ण राज्य का उद्घाटन किया।

गाथा गीत सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ

मने 1985 म अपनी प्रकाशित पुस्तक हिमाचल की लाक संस्कृति म लिखा था—'यदि हिमाचली लोक सम्कृति की सम्पूण कहानी देखनी हो आर उसका व्यावहारिक रूप देखना हा तो वह हिमाचल क लोक जीवन सामाजिक एव धामिक सस्कारा एव लाक साहित्य म उपलब्ध होगा विशेषत यहा के श्रेष्ठ लाक गाना गाथा गीनो मिथका पुराण कथाओ लोक परम्पराओ लाकवाताओ रीति रिवाजा एव प्राचीन स्मृतियो म। जीवन दृष्टिकोण पारिवारिक धामिक आर सामाजिक जीवन का सारा सतरगी ताना बाना हिमाचल प्रदेश की लाक सस्कृति की रूपरखा बनता चला गया है।

हिमाचल प्रदेश के असख्य लोक गाथा गीतों म प्रमुख ह—धामिक पोराणिक वीर प्रम त्याग बलिदान एव रोमाच सबधी गाथा गीत। प्रत्यक गाथा गीत म सामाजिक सांस्कृतिक सदर्भ का विशेष महत्त्व रहता ह।

धार्मिक लोक गाथा गीत

भारत की पवत शृखलाओ म हिमाचल के गाथा गीत रहस्यमयी आध्यात्मिकता स परिपूण ह। उसकी हर चोटी हर घाटी हर गाव हर जलाशय आर नदी वन आर वृक्ष भी गाथा गीता की पृष्ठभूमि बनकर वर्तमान क मुह म झाकत दीखते है। स्थानीय लाक जीवन क विश्वास आस्थाए परम्पराए सस्कार गाथा गीतो क ताना बाना से झलकती ह।

पहाड़ी रामायण

हिमाचल प्रदश क धामिक लाक गाथा गीता जसे पहाडी रामायण महाभारतपंडायण एचला युकन्तस बरलात दवकन्या से यह सत्य स्पष्ट हा जाना ह कि इनका सबध सार दश आर हिन्दू धम स हाने हुए भी स्थानीय सामाजिक सांस्कृतिक सदभ स भी जुड़ गए ह जिसस मूल गाथा गीत की रोचकता बढी है। जस पहाडी लाक रामायण गाथा की इन पंक्तियो स झलक मिलती ह

लाक री नगरी वार्जी वधाइ।
दशु शीरा रै चेटडी जाइ॥
इसा बटी रै ग्रहा ज्याहला
लाक र ज्यातिपि बोलन लाग
वापा खिब्याहिन्दि हुई
वापा खि कदुपणी हुई
इसा बेटी ख काठडा चाणा
स काटडा समुद्रा पाणा
सौन री कोठडा वाहन्दा लागा
झिवरा जाला गारका लागो
चिवरा झिवरि हुआ आ खाडा
सेण झिवरा रो पचा आ दाडा
झिवरा झिरारि हुई आ काग
सैणि झिरारी री चाडी जा टाग

वाल्मीकि तुलसीदास द्वारा लिखित रामायण की परम्परा से हट कर लोक कवि न सीता आर रावण के सबधो को नया मोड दिया ह। पहाडी रामायण का सारा स्वरूप हिमाचल अकादमी द्वारा प्रकाशित एव इन पंक्तियो के लेखक द्वारा सम्पादित पहाडी लाक रामायण (पृ 256) म उभरा ह। इसलिए स्थानाभाव क कारण सीताजी के जन्म लगन मे वाप स ब्याह क जोग वाप का बेटी को मरवा देन की कोशिश मा का बेटी का सोने क काटड़े म वहा देना मछेरों को कोठडा मिल जाना उस राज भय से राजा जनक क खत म दवा देना और फिर हल चलात हुए राजा जनक को 'सी मे मिलना तो लगभग सभी रामायणा म मिल जाता हे। इसी प्रकार सीता हरण का कारण परम्परागत रामायण म लक्ष्मण शूर्पणखा झड़प माना जाता ह परन्तु पहाडी लोक रामायण म सीता द्वारा श्राद्ध क समय स्थानीय उपज 'भरट' का वडा बनाना कव्वे द्वारा वह वडा चाच मे लका ल जाना सारी लका नगरी म उस की महक का फैल जाना, कव्वे को खोजना विना चोच ताडे क्व्व की चाच स बडा उडाना ओर रावण का 'वटा खाकर वेहाश हा जाना फिर होश म आना ओर भेस बदलकर भारत आना। सभी रामायणा म यह घटना मिल जाती ह।

पहाडी महाभारत

इसी तरह 'महाभारत' की लाक गाथा में कुन्ती नन्ती के सिरमौर शिमला जनपद म प्रचलित लाक गाथा गीत स्थानीय रगत लिये हुए हैं। गाधारी का नाम नन्ती और परम्परागत महाभारत में झगडे की बुनियाद की जगह कुन्ती नन्ती का झगडा स्थानीय लाक गाथा म युद्ध का कारण बताया गया ह। गाथा गीत की इन पंक्तिया से कारण

स्पष्ट हो जाता है

बैणा बोला सा हरि कुन्ता माई—
मर बैहणिए शोगा भि न हुआ।
नतना खाओ तर शाटा शर्गीणा
तेनरा खा मर एके याडिया भीमा।"
"ननना गाह तै दउइ गाड़ा
पारू जोड़ा तउए बोल" ढाड़ा।
यालू बोलू गाह उजुई लड़ाई।
बैणा बोला सा हरि कुन्ता माई—
"मर भीमा तै तीइ गाइ कीले दीणी।
नन्नी कुन्ती ए उजुई लदाई।
घारड़ झाबड़ ए हुई लड़ाई
कुन्नी नोन्तिए उजुए लड़ाई।
नन्ती चेईए काना थोसा काना
कुन्ता माय्ए गोड़ा यासो गाड़ा।
आरी बेरा मारा कुन्ती तेआ नन्ती
तेऊ ध्याड़ मारी नन्तीए कुन्ती।
जापदी चोड़दी सौ धीरा ले आई?
भीमा सैणा आओ हेड़ै करे बैणे
होरी बेरा सो हेड़ी आणा हेड़ै
तेऊ ध्याड़े तेऊ के हेड़ी बिना लागो
बैणा बोला सौ हरि सैना भीमा
"उज मउडिए आगी बिना थाड़ी
तरे मउड़िए शोगा कोरौ आजा?

भावार्थ बहन कुन्ती ने कहा—नन्ती! तुम्हार साठ बच्चों से मेरा एक भीम तुम्हारे साठ के बराबर खा जाएगा। जब नन्ती ने भीम को वेला से उपमा दी तब तो दोनो में झगड़ा बढ गया। झगडा होता रहा। भीम आ गया और कौरवो के घर चुनौती दे आया। महाभारत का यह भी एक कारण बना।

बरलाज

सृष्टि उत्पत्ति का जितना विशद वर्णन लोक गाथा गीतों 'बरलाज' और अचनी' म मिलता है उतना अन्यत्र नहीं। पहाड़ी लोक कवि ने धार्मिक आख्यानों को लोक भापा में बड़ा सुन्र रूप दिया है आर साथ में आध्यात्मिक आख्यानों की परम्परा को निभाया है।

बरलाज गाथा गीत शिमला तथा सिरमौर जनपद म अधिक प्रचलित है। यह एक लम्बा गाथा गीत है जो प्राय दिवाली के दिन गाया जाता है। इसका सीधा सबध सृष्टि-उत्पत्ति के साथ साथ राजा बलि की पौराणिक कथा स भी है। सृष्टि-उत्पत्ति का 'बरलाज' गाथा गीत का वर्णन इस प्रकार होता है

पहला नाव नारायणा रा जुगिये धरती पुआणी
जलथल हाई पिरथवी दवी मनसा राखी जगाली।
माणू न होले क्वै रिखी एकेई नारायण राजा होला
सिद्ध गुरु री झोली दा ढाई दाना शेरयो रा झाड़ा।
ढाई दाणा शेरया रा म्हारे खाड़िये बीजो
बीजी-बाजी रा शेरयो जमदे लागे
जामियो रो शेरयो गोड्नो लाओ
गोड़िया शेरया पाक्नो लागो
पाकि लूणी रो शेरयो कुनुयें लाआ।
गाहि माण्डियौ रो क्या हुआ पवाजा
ढाई दाणा बीजो रा म्हारे बीजो श्वाड़े
छुरू भरी शेरयो रा म्हारे बीजो श्वाड़े
बीजा दा शेरयो जमदी लागो
जामिया रा शेरयो गोड़नो लाओ,
गोडयो शेरयो पाक दो लागो
पाकी लूणी रो शेरयो कुनुय लाओ।
गाहि-माण्डिया रा शेरयो का हुआ पवाजा?
छुरू भरी बीजौ रा पाथा होआ पवाजा?
पाथा भरी शेरयो रा म्हारे बीजौ शवाडी।
बीजौ रा शेरया जमदा लागा
जमौ दो शेरयौ गोड़नौ लाआ
गौंडियौ शेरयो पाकदो लागो
पाकी लुणी रा शरयो क्या हुआ पवाजा
पाथा भरी शेरयो रा जूण हुआ पवाजा।
जूण भरी शेरयो रा म्हारे बीजो श्वाड़े
बीजो रो शेरयौ जमदौ लागो
जमौ दो शेरयौ गोड़नौ लाओ
गोड़ियो रो शेरयौ पाकदो लागो
पाकी लूणी रो शेरयो कुनुवें लाओ ॥

इसी प्रकार गाथा गान धीरे धीरे आगे बढ़ता है। फिर देवी मनसा नारायण के मन से उपजी। उस नारायण ने सात कलश रखने को दिए। स्वयं विष्णु बारह वर्ष के लिए निद्रामग्न हो गए। इनमें महान एक कलश से ब्रह्मा और दूसरे कलश से विष्णु उपजे तीसरे कलश से महादेव पैदा हुए। प्रत्येक से देवी ने विवाह का आग्रह किया परन्तु उन्होंने उसे माता ही माना। अन्त में वह आदमी बनाने में लग गई। किसी ने हुंकार नहीं भरी। कामदेव जब बनाया उसने हुंकार भरी। आत्मकार के पुत्र (ब्रह्मा) पैदा हुआ और सृष्टि की रचना प्रारंभ हो गई।

ऐचली

हिमाचल प्रदेश का दूसरा प्रसिद्ध गाथा गीत 'ऐचली' है। इसमें सृष्टि रचना का एक अलग आख्यान है। इस गाथा गीत के अनुसार जब कोई नहीं था तब केवल एक गुरु था और कुछ नहीं था। यह गुरु विष्णु की अपेक्षा शिव-उपासकों के लिए अन्य कोई नहीं स्वयं शिव थे। सृष्टि की रचना का स्वरूप इस गाथा गीत में देखिए।

नहीं थिये तारा नहीं थे प्याणु
ता थिये गुरु न्यारे।
बुद्धि ता गुआई मेरे गुनाजरू ने
गुगल री धूणी धुधकाइ।
गुगले री धूणी धुधकाई गुरुए
स धूणी भस्म कराई।
सेइआ धूणी गुरुए भस्म कराई
अग मली-मली लाई।
अग मली मली मलूणी कराई
तिस मलूणी री मूरत बणाई।
पढी ता गुणी दिता जीवादान
खड़ी होइ मनसा देई।
बारह बरह दी हाई मनसा दई
ता नदी पर न्हाणा जादी।
कपड उतारे देई करया स्नान
गुरुए दी भृष्टा लगाई।
नाज गुरुए दी भृष्टा लगाई
मनसा हाई पैरा भारी।
इक माह गणदे दुआ हार होई जादा
आया दसवा महीना।

सृष्टि रचना का पृष्टभूमि का स्वरूप इस गाथा गान म बदल जाता ह। इस गाथा क अनुसार पहल ब्रह्मा फिर विष्णु (इश्वर) आर अत म भाला महादेव का जन्म हुआ। इस गद्दिया का लाकप्रिय गाथा म शिव का माहिमा का वखान प्रचुर मात्रा म उपलब्ध ह। शिव ही गद्दिया क परम श्रेष्ठ सवशक्तिमान आराध्य देव ह। सृष्टि का निमाण करत समय शिव न लाहा चादी साना ना गज क मनुष्य गिठमुठिए (छाट कद क) मनुष्य माटी क तान हाथ क मनुष्य बनाए। यही तान हाथ क मिट्टी क पुतल (मनुष्य) अब इस धरती पर विचरत ह। यही मनुष्य पाप आर पुण्य के बीच भदभाव करन म समथ ह। गाथा गीत बहुत लम्बा ह। उसकी अतिम कडी म गाथा गीत का साराश झलकता ह

> कलजुगा र वणजयारू लणा दणा बुझद
> दणा दूणा मूल न बुझदे।
> धरमी रात दन बणाया।
> पापी त धरमी दूए लघ लाया।
> धरमी र वडे लघी टप्पी जाद
> पापी डूबा डूबी मरदे।
> धरमी रे वड हाइ जादे पारा
> पापी वार ना वा पार।

उपयुक्त दानो गाथा गीता के गहन अध्ययन स यह स्पष्ट हा जाता ह कि विष्णु क अनुयायी विष्णु को आर शिव क अनुयायी शिव को सृष्टि क रचयिता मानत ह। पहाडी जनपदा म शिव की उपासना व्यापक ह। इस क्षेत्र की हर ऊची चाटी चाह किन्नर कलाश हा चाह मणिमहेश हा या धालाधार हा या हाटृशिखर शिव शक्ति का पुण्यधाम माना जाता रहा ह। इसी कारण धामिक गाथा गीता म त्रिमूति म शिव की महिमा अनक पक्तिया म मिलती ह।

युकुन्तरस

जनजातीय क्षत्र किन्नार का प्रसिद्ध मादव–युकुन्तरस गाथा गीत भी महादव की महिमा गाथा से परिपूण ह। परन्तु सृष्टि रचना का वणन किन्नारी लाक कवि न अनूठ ढग स प्रस्तुत किया ह

> कुनी सारडा मा शीपा शीपा।
> मा शीपा शी बागुरा बऊआ।
> बागुरा बऊआ शपो मा शेपा।
> शेपा माजाए काले पिन्टू।
> पिन्टू फाटिग्या आपू मादेव जारमा।

मान्ये जारमो एकल खन्खारा।
एकले खन्खारा आखी दी नाइ।
एकल खन्खार हाथा वा नाइ
वागुरा हाशा पूरबा वी लेका।
तेरे नीख्या हाथै दी आखी।
शीरा कुशीया दा वाई सूरना।
न्यायो आयार सारे मान लोका।
अगा फाटिग्या ब्रह्म विष्णु।
अगा फाटिग्या विष्णु नाराणा।
सीरा ठासिग्या माथे सारगे।
पैरा ठासिग्यो आकाश पइताले।
प्याशदा लागा सारा भात लागे।

स्पष्टत इस किन्नारी गाथा गीत म सृष्टि उत्पत्ति का सारा कार्य महादेव द्वारा सम्पन्न हुआ हे। अन्य इश्वर जस ब्रह्मा विष्णु की भूमिका गौण रही। सृष्टि रचना के वाद ईशुरस (महादेव) को विवाह का विचार आया। वर्फ के राजा (पर्वतराज) युकुन्तरस को अपनी बटिया गगा गौरी का विवाह महादेव से करने म आपत्ति रही। दोनो में शक्ति परीक्षण हुआ। युकुन्तरस हार गया और कुछ शर्तो पर विवाह करना स्वीकार किया। वे शर्ते युकुन्तरस के अनुसार असभव थी परन्तु महादेव ने सभी शर्ते पूरी करना मानलिया विवाह बडे ठाठ से हुआ आर सभी शर्ते भी पूरी की गई।

इस गाथा गीत म सृष्टि रचना विष्णु महादेव की बातचीत महादव युकुतरस का शक्ति परीक्षण बारात नारातिया का किन्नौरी जनपद का लोक नृत्य 'काय' धुन मे नाचना सभी शर्तो को पूरा करना—इन विषयों को लोक कवि ने विस्तृत रूप से बखाना है। स्थानीय परम्पराए सामाजिक आस्थाए लोक जीवन की पृष्ठभूमि की सहज झलक इस गाथा गीत में मिल जाती है।

(ख) पौराणिक गाथा गीत

पाराणिक लोक गाथा गीतो को हिमाचल प्रदेश के जनपदीय जीवन में विशेष आदर प्राप्त है। परन्तु समय की विडम्बना तो केवल यही है कि इन गाथा गीतो का गाने वाले परम्परागत गायक धीरे धीरे समाप्त होते जा रहे है। इन गाथा गीता की लोक परम्परा मूल गीतो का पाठ सुरक्षित रखने का प्रयास ही प्रस्तुत पुस्तक है।

पिछले 30 40 वर्षो तक हिमाचल प्रदेश के लगभग सभी ग्रामो में गाथा गीतो का आयाजन करना लोक गायकों को विशेष आदर देना आर उत्सुक श्रेताआ की भीड गाथा गीता की लोकप्रियता का विशेष प्रमाण रहा है। परन्तु दूरसचार के साधना रेडियो टीवी वीसी आर आर शिक्षा प्रसार की चकाचोध में ग्रामीण समाज की

रसधारा सूखती जा रही ह। अब तो गिन चुन लोक गायक रह गए है जिन्ह हिमाचल प्रदेश के सभी लोकप्रिय लम्ब लम्बे गाथा गीत, जस भर्तृहरि गूगामल गोपीचन्द लारा गोला नाग दव वाइन्द्रा श्रीगुल रणसीवीर याद हो या उन्ह सुरक्षित रखन या इस परम्परा को जारी रखन का काइ प्रेरणा प्रोत्साहन या आवश्यकता महसूस होता हो।

राजा भर्तृहरि इस गाथा गीत के हिमाचल के प्रत्यक जनपद की स्थानीय बोलिया म अनेक रूप मिलने है। जनजातीय क्षेत्र को छोड़कर शेष सभी भागो म भाषा के सहित कथा वस्तु के भी अनक रूप उपलब्ध ह। इनम स कुछ रूप हिमाचल अकादमी न सगृहीत भी किए ह। परन्तु सभी गाथा गीत अधूर है। लोक गाथा गीत में कुछ वाहरी ढाच म साम्यता नजर आती है। जसे राजा भर्तृहरि उज्जन के राजा आर विक्रमादित्य के बड़े भाइ गधर्वसेन क सपुत्र थ। अल्पायु में पिगला स विवाह हुआ जिस वह वहुत प्यार करत थे। वड़े होकर उनका शिकार खेलना जादुइ हिरण का मारना हिरणी का उन्ह शाप दना वापस आकर पिगला की परीक्षा लेने के लिए अपनी मृत्यु का समाचार दना और उसका छलाग लगाकर आत्महत्या कर दना–इसी घटना पर कुछ जनपदा के गाथा गीतो म मतभेद ह। राजा भर्तृहरि का पिगला की मृत्यु से विक्षिप्त होना फिर रानी चादश से विवाह करना। उसक द्वारा भर्तृहरि का 'अमर फल' की घटना से धोखा देना राजा मे वराग्य भावना जगाना आर सन्यासी का रूप धारण करना इन घटनाओ म नामो के फेर वदल से कुछ समान रूपता दीखती है। परन्तु कागडा चम्बा हमीरपुर मडी बिलासपुर आर ऊना जनपदो म गाथा गीत सन्यासी बनने के बाद समाप्त हो जाता है। शिमला कुल्लू, सिरमौर सोलन जनपदो में यह भर्तृ गाथा गीत का केवल आधा भाग हे।

सन्यासी वनने के बाद राजा भर्तृहरि पिगला के दूसरे जन्म लेने की वात मानते हुए वर्तमान भिरमारानी के रूप मे फिर दर्शन करना चाहत ह। उसकी तलाश म वर्षों अखाडों, राजधानियों म भटकने हैं। अनेक नागिया जोगनिया तान्त्रिको मठो क्रूर शासकों से उनकी मुठभेड होती है। उनके सिद्ध गुरु गोरखनाथ हर कठिनाई म भर्तृ की सहायता करते रहे ओर अत म उनकी भिरमा स भट हो जाती है। वे एक दूसरे को पहचान लेते है। पुराना प्यार जाग उठता ह। प्यार अमर है। वे फिर दोनो साथ चल पडते हे। यहीं यह लोक गाथा समाप्त हो जाता है। चोपाल के साघटे (नाथपथी) बलग क पाडय भर्तृ का लोक गाथा गीत कई जनपदो म सात दिन तक लगातार दिन रात गाकर समाप्त कर पाते थे। सुनने वालों की भीड़ लगी रहती थी। अब न वे लोक गायक रह न सुनने वाले। थोडे बहुत जो शोकीन ह भी तो उनके पास समय नहीं है। इस लोक गाथा को मन उपन्यास का रूप देकर–'रमता जोगी' प्रकाशित (1991) किया।

जब भर्तृहरि सन्यास लन क लिए जिद कर वठत हैं तब मा स वह पूछते हे

भर्तृ— कासि ता भ दशा रा राना शूणा बाधका
कासि शुणी दशा रा न राणी र आमिया'
कासि शुणा दशा रा अन्न अमा माठटा
कासि शुणा दशा रा न पाणी र आमिया''

इम प्रश्न का उत्तर राजमाता न इस प्रकार दिया।

राजमाता—राजा भाया तू ही राजा बटिया बाधका
राणी माया भिरमा न राणी र बेटिया'
नउला ता देशा रा अन्न बटा मीठडा
पवना काड रा न पाणी र बटिया।

दश ता भे मुल्क चाला ह तू बटिया'
कुण तरा सगी असो कुण तेरा साथी आ?
कुण लाआ ला भूपटी न वाता रे बटिया'

भर्तृ— झाली आ फावड़ी संगि मर साथी आ आमिया'
गुरु लाआ किन्दरी दि वातो रे आमिया'

कितनी काव्यमयी भाषा म लाक कवि न सन्यास क सूक्ष्म मर्म का समझान का प्रयास किया ह'

भर्तृहरि लाक गाथा गीत क कुछ अशा पर ग्रामीण लाग नाच उठते ह। जसे साधुरी किन्द्री'—

लाया साधुए किन्द्री किन्द्री दि तारा रे
बेना नाचा आ मोहुला नाच्या सोंउरा बाजारा रे।
एकि तारा री किन्द्री बोलो स नाखी नाखी वाणी
नाचो ल्हौडल बाडले सार्थी से चादशा राणी।
चादा नाचा लै सुरजौ नाचा दवत भि सार
चारो धूरा वालौ नाचदी लागी आ सरगो द तारे।
चिहे लाका वालो नाचदे लाग नाचा वाला राजा
राजा नाचा ला इन्द्रा लागा स किन्द्री रा धाजा
नणी बजाऊ ई गो किन्द्री गुरआ भीतिए माखी भडाणी
कीजुए हुन्दी किन्द्री गुरुआ कीजुए हुन्दि तारी।

गाथा गीत का यह अश कई बार लोक कवि स्वतन्त्र रूप से भी गाकर सुनाते ह आर ग्रामीण लोग इस गाथा गीत की मधुर तान पर नाच उठते है।

ससार की माहमाया से तग आकर पिगला की मृत्यु का आघात तथा रानी चोदश

का विश्वासघात भर्तृहरि के कोमल हृदय में वैराग्य भावना जगाने में समर्थ हो गया। सन्यासी बनकर राजा भर्तृहरि महलों से चल पड़े और अपने मन को समझाते रहे।

काचा वाणा काया काठटी
झूटा वाणा ससार।
चाऊ दिन राजा जीऊणा
छोडि दणा घर वार
समझी शृणि चल्ला राजा भरथरी'

मार्ग में वैरागी भरथरी से लोगों ने पूछा

कीजुए कारण मूड मुडाउआ
कीजुए कारण डागी?
कीजुए कारण झाली आ फाऊडी
हुइ कइ इतनि वीगी?

भरथरी उत्तर देते

भिरम तइ मुडाउआ
कूत छेडन खि डीगी
विछिया मागण ता झाली आ फाउडी
हुई जा एतनि वागी
लागुआ हुइ ऐतनि बीगी।

भर्तृ की किन्द्री जो नाथपंथी जोगियों का एकतारा रही पहाडी गाथा गीत में एक महत्त्वपूर्ण लोक वाद्य है जो नाथ पंथी जोगियों की तरह धीरे धीरे लुप्त होता जा रहा है। भर्तृ की किन्द्री में एक जादू था एक आकर्षण था जिसे सुनकर सुनने वाले मस्त हो जाते हैं। वैरागी बनकर भर्तृ पूर्वजन्म की पिंगला के पुनर्जन्म में भिरमा बनी खोजते खोजते सधाउर पहुंच जाते हैं। उसकी किन्द्री की तान सुनकर महलों में खाना छोड़कर भर्तृ के साथ जाने को तैयार हो जाती है

तेर धाध मेर लागी आ लागणा
तू नही जोगड़ू बूरो
तू नही आ भागरो खादा
तू नही खादा धतूरा
एब मिला राजा भरथरी भिरमा मिली राणी
स एब दूइ एण मिल जणहा गाग जमण रा पाणी।

भतृ लाक गाथा की तरह एक अन्य नाथ पथा लाक गाथा 'गुग्गामल' भी लाकप्रिय हुइ ह। इसक अनक कारण ह। इनम स प्रमुख कारण जा म समझ पाया हू वह यही ह कि मुगल आर ब्रिटिश कालीन हिमाचल प्रदेश म नाथ सम्प्रदाय का ग्रामीण समाज पर गहरा प्रभाव रहा ह। सभी जनपदा म नाथ अखाड़ा के अवशेष कनफटे जोगिया क वशज देवी देवताआ की पूजा पद्धति और स्थानीय भाषा म गाए जान वाल भजना आर पूजा मत्रा म चमत्कार का पुट नाथ सम्प्रदाय के विस्तृत प्रभाव क प्रमाण ह।

गुग्गामल गाथा गुग्गामल लोक गाथा गात क भी अनेक रूप उपलब्ध है। हर एक पाठ म स्थानीय पुट 'भाषा' में ही नहीं विवरण म भी यत्र-तत्र आ गया है। गुग्गा गाथा सोलन कागड़ा मडी बिलासपुर और सिरमार जनपद म लोकप्रिय रही है। इस गाथा गीत के पाठ दवराज शमा लाक सम्पर्क विभाग आर हिमाचल अकादमी द्वारा प्रकाशित हुए। तीन पाठा म विवरण घटनाआ एव भाषा का अतर आ गया है। यद्यपि मूल नाम एक जैसे है।

राणा गुग्गामल मारुदेश (राजस्थान) क राजा थे। गुरु गोरखनाथ द्वारा दिए गए वरदान स उनका जन्म हुआ। उन्हें जहर (विष) का अधिपति देवता मानते है। उनके चचेरे भाई उनसे उनकी वीरता और प्रभावशाली व्यक्तित्व के कारण ईर्ष्या करते थ। पर कर कुछ नही सकते थे। गुग्गा न अनेक युद्धा में भाग लिया आर हर बार विजयी बने। उनका विवाह गुरु गोरखनाथ क सोजन्य से कछुआ राजा की राजकुमारी सुरियल स तय हुआ। परन्तु जब वह विवाह के लिए राजमहला के सामने पहुचे तब पहरेदारों ने आर एक बूढ़ी मालिन न उन्ह नहीं पहचाना। और शक्ति परीक्षण कछुआ राजा आर बागड दश के बीच प्रारभ हा गया। बारात जब गारखनाथ महल के राज प्रवेश द्वार पर पहुचे तब अधिक देर हा चुकी थी। पहला पहरा उपवन म मालिन का था

> "किस ब्याहणे आणा मालिणी
> कन्यिा रा लगन रखाया?
> एमा कुण आ राजा तिसरा जे
> ना लख हाथी एथी आणा?
> मालण बालदी— गुरु गोरखनाथ
> सुण्या तू धियान लगाई।
> मारूदसा रा राजा सुणी दा
> गग्गामला ब्याहण आणा।
> गुरु गारखनिजो बोलदा— मालिणी
> ए बैटी रा सा गुग्गा मल राणा।
> अस मगी थी इस ते भट
> नी दई हाए इस ते दो टके असा जो।

कहुआ प्रदेश के राजा ने इस विचित्र बारात जिसमें तिन्न फकीर इक नीला घोड़ा–मारए त आइ चुहाणा री जनत" का घोर विरोध किया। कहुआ राजा अपनी प्रिय राजकुमारी सुरियल का विवाह गुग्गामल से करने को तैयार नहीं हुआ। इस पर युद्ध का बिगुल बज गया। इस युद्ध में हिमाचलवासियों के प्राय प्रमुख देवी देवता भी गुग्गामल की ओर से लड़े

हुक्म करदा गोरखनाथ–
सुणा ओ तुसे सारे भाई।
गुरु गोरखनाथ बोलदा जालपा जो
तू खण्ड लई ने करनी लड़ाई।
गुरु बोले तू सुण हनुमाना
गुरजा छुआला नैं तू लड़या।
गुरु बोले भरा छड़िये जो
बरछिया कन्ते तू लड़ना भाई।
गुरु हुक्मा करदा नार सिहा जो
सांगी लगाइया जो तू चलणा।
फरी बोले सह बूजा बीरा जो–
सांगी चलणा तुसा करनी लड़ाई।
गुरु बोले फेरी सिद्ध चुरासिया जो
तुसा भी लड़ाइया च हिस्सा लैणा।
फेरी बोले गुरु बड़ी माइया जो
तू तां रूरा रा खड़ा चलाणा।
नंगी तेग पाना रा बीड़ा
बिच्च कचहरिया रखिया।

युद्ध की विभीषिका से घबराकर कहुआ नरेश राजकुमारी का विवाह गुग्गामल से कर लेते है। विवाह के बाद अनेक घटनाए घटित होती है युद्ध होते है। अंतिम युद्ध में गुग्गामल का सिर धोखे से उसी के भाई काट देते है और वह बिना सिर के युद्ध करते है। समाधिस्थ होने पर भी अपनी रानी सुरियल से वह मिलते रहते है। फिर एक बार घोषणा हुई कि धरती से वह नीली घोड़ी सहित जीवित उभरेंगे पर जैसे वह धरती से उभरने लगे लोगो ने शोर मचाया और वह पत्थर बन गए। लोग उन्हें विष का देवता– जहर पीर मानते है और उस जगह गुग्गा मढ़िया स्थापित की गई है। प्रति वर्ष गुग्गा नवमी पर गुग्गा गाथा गाई जाती है।

हिमाचल में गुग्गा लोक गाथा गीत के विभिन्न रूप पाए जाते है। इस गाथा गीत का आरंभ 'सृष्टि की उत्पत्ति' के वर्णन से होता है, जिसे जमोत्री धुंधकारा कहा जाता है।

